राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–214/2023

राज्यपाल से बिशप स्कॉट गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने मुलाकात की

पटना, 01 अगस्त 2023 :– ''बच्चे अपने पाठ्य पुस्तकों के अतिरिक्त सद्साहित्य पढ़ने की आदत डालें। उनके जीवन का लक्ष्य एक अच्छा इंसान बनना होना चाहिए। एक अच्छा व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में बढ़िया काम कर सकता है। यदि सभी लोग अच्छे इंसान बन जायें तो समाज में कोई समस्या नही रहेगी।'' – यह बातें महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में बिशप स्कॉट गर्ल्स स्कूल, पटना की छात्राओं से मुलाकात के दौरान कही।

राज्यपाल के समक्ष छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाएँ रखीं जिसका उन्होंने समुचित उत्तर दिया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि वह बिहार से प्रेम करते हैं। इस राज्य के लोग प्रतिभावान हैं और सभी क्षेत्रों में आगे हैं।

छात्राओं ने राज्यपाल को स्कूल डायरी (Almanac), विद्यालय की पत्रिका एवं अपनी पेंटिंग भेंट की।

इस अवसर पर बिशप स्कॉट गर्ल्स स्कूल, पटना की प्रधानाचार्या, लिण्डसी दयालकुमार, शिक्षक व शिक्षिकाएँ तथा 25 छात्राएँ एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....